आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 25.11.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के वैश्विक सहकारिता सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- श्री मोदी ने कहा— भारत के अनुभवों के माध्यम से वैश्विक सहकारी आंदोलन को 21वीं सदी के उपकरण और नई भावना मिलेगी।
- भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी दीपम सेठ ने उत्तराखण्ड के पुलिस महानिदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।
- चंपावत जिले के बनबसा में 28 नवंबर से सेना में धर्मगुरुओं और अग्निवीरों की भर्ती शुरू होगी।

वैश्विक सहकारी सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 और संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से हमें भारत की भावी सहकारिता यात्रा के बारे में जानकारी मिलेगी। साथ ही, भारत के अनुभवों के माध्यम से वैश्विक सहकारी आंदोलन को 21वीं सदी के उपकरण और नई भावना मिलेगी। श्री मोदी ने सहकारिता को भारतीय संस्कृति का आधार बताया और कहा कि भारत के लिए सहकारिता जीवनशैली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में सहकारिता ने विचार से आंदोलन, आंदोलन से क्रांति और क्रांति से सशक्तिकरण तक का सफर किया है।

संविधान की 75वीं वर्षगांठ

केंद्र सरकार ने संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अभियान चलाने की घोषणा की है। यह अभियान देशभर में कल से 26 नवंबर, 2025 तक चलेगा। 26 नवंबर, 1949 को भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था और यह 26 जनवरी, 1950 को देश में लागू हुआ था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में कहा कि संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करेंगी। यह समारोह 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा है।

सदन स्थगित

एक विशेष कारोबारी समूह के खिलाफ रिश्वत के आरोपों और अन्य मुद्दो को लेकर विपक्ष के हंगामे के चलते ससंद के दोनों सदनों की बैठक आज दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। शीतकालीन सत्र के पहले दिन प्रथम स्थगन के बाद 11 बजकर 45 मिनट पर जैसे ही राज्यसभा की बैठक फिर शुरू हुई तो सभापति जगदीप धनखड ने विपक्षी सदस्यों से अपील की कि वे सदन की बैठक सामान्य रूप से चलने दें। लेकिन, शोर–शराबा जारी रहने को देखते हुए उन्होंने सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

संसद सत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा प्रकट की है कि संसद का शीतकालीन सत्र लाभकारी रहेगा और इसमें रचनात्मक विचार विमर्श किया जायेगा। संसद सत्र से पहले मीडिया को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह सत्र संविधान पारित होने के 75 वर्ष सहित कई कारणों से विशेष रहेगा।

भू–कानून

उत्तराखंड में सशक्त भू–कानून लागू करने के लिए बुद्धिजीवियों से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। इसके लिए आगामी 2 और 3 दिसंबर को चमोली जिले में बैठक होगी। ये जानकारी देते हुए जिले के उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर बैठक में बुद्धिजीवियों के सुझावों के आधार पर मसौदा तैयार किया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक

भारतीय पुलिस सेवा के 1995 बैच के वरिष्ठ अधिकारी दीपम सेठ ने आज देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय में उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और नशा मुक्त देवभूमि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में जन्मे दीपम सेठ ने नैनीताल के प्रतिष्ठित शेरवुड कॉलेज से सीनियर सेकेंडरी की शिक्षा प्राप्त की। दीपम सेठ टिहरी गढ़वाल और नैनीताल सहित कई जिलों में पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं। आईपीएस सेठ को कोसोवो में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के दौरान उनकी सेवाओं को विशेष रूप से सराहा गया। वे आईटीबीपी और एसएसबी में विभिन्न उच्च पदों पर भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

सेना भर्ती

चंपावत जिले के बनबसा में 28 से 30 नवंबर तक तक धार्मिक शिक्षक की भर्ती आयोजित की जाएगी। साथ ही 01 दिसंबर से 06 दिसंबर तक अग्निवीर जनरल ड्यूटी समेत अन्य ट्रेड में भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। सेना भर्ती निर्देशक कर्नल राहुल मेलगे ने बताया कि यह भर्ती लखनऊ क्षेत्र के अंदर आने वाले उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों के लिए है। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन सीईई परीक्षा की मेरिट सूची में जगह हासिल की है, वही अभ्यर्थी इस भर्ती में हिस्सा ले सकेंगे।

निकाय सामान्य निर्वाचन

टिहरी जिला प्रशासन ने स्थानीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2024 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आज जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला सभागार में निकाय चुनाव की पूर्व तैयारियों के संबंध में संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

हॉकी खिलाड़ी मनीषा चौहान

भारतीय महिला हॉकी टीम ने 20 नवंबर को बिहार के राजगीर में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में चीन को एक–शून्य से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस टीम में हरिद्वार निवासी मनीषा चौहान भी शामिल थीं। इस जीत से मनीषा चौहान ने देश और प्रदेश के साथ ही हरिद्वार का भी नाम रोशन किया है। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने मनीषा चौहान का जोरदार स्वागत किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और खेल मंत्री रेखा आर्य ने भी उनसे मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश के लिए स्वर्ण पदक लाने पर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है।

स्वच्छता अभियान

स्वच्छता अभियान के तहत बागेश्वर जिले में धार्मिक स्थलों, पर्यटक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भारतीय रेडक्रॉस समिति ने नीलेश्वर मंदिर, नंदी गार्डन, वृद्धा आश्रम और आश्रम पद्यति बालिका विद्यालय परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया। स्वच्छता समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र जोशी ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपील की कि जब भी वे मंदिर या किसी पर्यटक स्थल पर जाएं तो वहां साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें।

यूकेडी के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष

उत्तराखंड क्रांति दल– यूकेडी के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पंवार का ऋषिकेश में नटराज चौक के पास एक सड़क हादसे में निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है। गौरतलब है कि त्रिवेंद्र सिंह पंवार उत्तराखंड राज्य आंदोलन के प्रमुख आंदोलनकारियों में शामिल थे।